मासिक
# ऑटो एडवाइजर
RNI.No.61707/94
भोपाल (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित एकमात्र ऑटोमोबाइल समाचार पत्र
वर्ष-30, अंक-4 | भोपाल, 6 सितंबर 2024 | पृष्ठ-8, मूल्य-2.50 रुपये

### एसआईएएम (सियाम) का 64 वां वार्षिक सम्मेलन

## 'विकसित भारत की ओर ...हमारी प्रगति तेज और मजबूत हो' - नरेंद्र मोदी






**'ऑटोमोबाइल क्षेत्र, दूसरे क्षेत्र के लिए एक उदाहरण बने...'**
**नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

**'भारत को दुनियां में नंबर एक ऑटो विनिर्माण उद्योग बनाना है...'**
**नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री**

**'सरकारी नीतियां इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए तैयार है...'**
**एचडी कुमार स्वामी, केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री**

**नई दिल्ली.** सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम या सियाम) के 64वें वार्षिक सम्मेलन (10 सितंबर) में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ऑटोमोबाइल क्षेत्र को दूसरों के लिए एक उदाहरण स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा, आगे की राह की मांग है कि हमारी प्रगति तेज हो और साथ ही मजबूत भी हो.हरित और स्वच्छ गतिशीलता पर काम करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

**श्री नितिन गडकरी, (केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार)** ने टिकाऊ परिवहन के लिए सरकार की पहल और दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कहा, भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलने और इसे वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने में ऑटोमोबाइल उद्योग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. हमारी महत्वाकांक्षा इसे दुनिया भर में प्रथम स्तर के एक ऑटो विनिर्माण उद्योग के रूप में विस्तारित करना है. जैसा कि हमने 2070 तक कार्बन-तटस्थ स्थिति का लक्ष्य रखा है, इसके लिए ऑटो क्षेत्र में नवाचार और टिकाऊ प्रथाएँ महत्वपूर्ण हैं.

**श्री एच.डी. कुमारस्वामी ( केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री, भारत सरकार )** ने स्थिरता लक्ष्यों के साथ जुड़े औद्योगिक विकास के महत्वपूर्ण महत्व पर बात की. उन्होंने कहा, ग्लासगो में हमारे प्रधानमंत्री की स्थिरता, प्रतिज्ञाओं और मजबूत मेक इन इंडिया पहलों से प्रेरित होकर, हम इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को आक्रामक रूप से बढ़ावा दे रहे हैं। सरकारी नीतियाँ इस बदलाव को बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं, जिससे उद्योग और सतत विकास के लिए अनुकूल माहौल तैयार हो सके। सियाम के अध्यक्ष और वोल्वो आयशर कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री विनोद अग्रवाल ने संधारणीय गतिशीलता को आगे बढ़ाने में ऑटोमोबाइल उद्योग की भूमिका पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा, ऑटोमोबाइल उद्योग गति बनाए रख रहा है और संधारणीय विकास के लिए मानक स्थापित कर रहा है. सकल घरेलू उत्पाद में 6.8 प्रतिशत का योगदान और पिछले साल ही 12.5 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि को देखते हुए, उद्योग का कारोबार 20 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ गया है. जैसा कि हम विकसित भारत 2047 की ओर देखते हैं, कार्बन उत्सर्जन और सुरक्षा के प्रति सियाम की प्रतिबद्धता दृढ़ है.फेम कार्यक्रम जैसी पहलों के साथ ईवी पैसेंजर वाहनों में नब्बे प्रतिशत की वृद्धि को बढ़ावा देने के साथ-साथ इथेनॉल और गैसीय ईंधन के साथ हम स्वच्छ, हरित गतिशीलता की ओर बढ़ रहे हैं।




**सियाम के उपाध्यक्ष और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री शैलेश चंद्रा** ने सतत गतिशीलता में बदलाव को गति देने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने कहा, स्थायी गतिशीलता के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता और मंत्रालयों से निरंतर समर्थन ने उद्योग को सतत गतिशीलता में बदलाव करने में मदद की है. हम टिकाऊ, सुरक्षित और किफायती परिवहन समाधान सुनिश्चित करने और भविष्य में शुद्ध कार्बन-शून्य हासिल करने के सरकार के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से जुड़े हुए हैं.

सियाम के महानिदेशक श्री राजेश मेनन ने सतत गतिशीलता के प्रति सियाम की विभिन्न पहलों और प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला. सम्मेलन में सम्पूर्ण उद्योग जगत का ध्यान , विकसित भारत की ओर.., सतत गतिशीलता यात्रा पर केंद्रित रहा. सम्मिलित हुए प्रमुख नेताओं और नीति निर्माताओं ने 2047 तक विकसित भारत के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में सतत गतिशीलता की महत्वपूर्ण भूमिका पर , बिंदुवार और वृहद चर्चा की.

## वर्ष के अंत तक लांच होगी रेंज रोवर इलेक्ट्रिक - एड्रियन मार्डेल

**पुणे (महाराष्ट्र).** टाटा मोटर्स की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जगुआर लैंड रोवर रीइमेजिन के तहत लग्जरी सेगमेंट में शोध और निर्माण लगातार कर रही है. इसके लिए विगत 5 वर्षों में निवेश को 15 बिलियन पाउंड से बढ़ाकर , 18 बिलियन पाउंड कर दिया है. लैंड रोवर मॉडल नई रेंज रोवर इलेक्ट्रिक में प्रतीक्षा सूची में 41000 पंजीयन के साथ मजबूत वैश्विक मांग निर्मित की है. टाटा मोटर्स द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार के एल आर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एड्रियन मार्डेल ने बताया है कि हमने साल दर साल तिमाही मुनाफे में 60 प्रतिशत की वृद्धि अर्जित की है जो हमारे समूह की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के कारण प्राप्त हुई है. रीइमेजिन रणनीति को लागू करने में, यह शानदार प्रगति है. हमारी जैगुआर टीसीएस रेसिंग फार्मूला ई टीम , इलेक्ट्रिक प्रौद्योगिकी की नवाचार में अग्रणी है और यह इस वर्ष की ए बी बी एफ आई ए फॉर्मूला ई टीम और निर्माता की विश्व चैंपियनशिप की विजेता है. हम रेस ट्रैक पर इस सफलता से सीखे गए सबक को, अपने लग्जरी इलेक्ट्रिक वाहनों में ला रहे हैं और इस साल के अंत तक हम अपनी पहली अगली पीढ़ी की लग्जरी इलेक्ट्रिक गाड़ी रेंज रोवर इलेक्ट्रिक का अनावरण करेंगे जिसकी प्रतीक्षा सूची में 41000 से अधिक ग्राहक सम्मिलित हो चुके हैं .



# आपके सवाल ....

## हुंडई अल्कज़ार फेसलिफ्ट में विशेष फीचर्स क्या है ?

हुंडई की अल्कज़ार फेसलिफ्ट 7 सीटर एसयूवी कार है. इसके चार वेरिएंट क्रमश: प्लैटिनम, सिग्नेचर, प्रेस्टीज और एग्जीक्यूटिव है. 6 और 7 सीटर लेआउट के साथ लेवल 2 एडास (एडीएएस) सूट, पैनोरेमिक सनरूफ, बड़ी इंफोटेनमेंट स्क्रीन, 360 डिग्री सराउडिंग कैमरा, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, वायरलेस स्मार्टफोन कनेक्टिविटी और चार्जर जैसे विशेष आधुनिक फीचर्स इसमें जोड़े गए हैं.

## टाटा नेक्सॉन ईवी की प्रति किलोमीटर संभावित लागत कितनी पड़ती होगी ? कृपया बताएं.

इस वाहन को पूर्णतया चार्ज करने के लिए बिजली की लगभग 36 यूनिट की खपत होती है. घर पर, एसी चार्जिंग स्टेशन पर तथा डीसी फास्ट चार्जिंग स्टेशन पर...क्रमश: तीनों ही स्थान पर बिजली की प्रति यूनिट कीमत अलग अलग है. इस आधार पर फुल चार्ज करने में कम से कम 250 से लेकर 850 रुपए तक का खर्च आ सकता है. प्रति किलोमीटर 50 पैसे से लेकर 1.50 रुपए तक का खर्च आ सकता है.

## क्या हम श्राद्ध समय (पितृपक्ष) में कार की बुकिंग कर सकते हैं ?



पितृपक्ष का ऐसा समय है जिसमें नया शुरू करने या कीमती सामान, वाहन, प्रॉपर्टी खरीदने के लिए अशुभ ही माना जाता है. ऐसी मान्यता है कि इस समय में पितृ, आकर घर में वास करते है और परिजन, उनकी सेवा में पूर्ण ध्यान लगाते है....दान धर्म करते है....ऐसा कोई कार्य नहीं करते जिसके कारण ध्यान भटके .... बाकी , आप स्वतंत्र है....

## फोर्ड एंडेवर फिर से आने के बारे में कोई जानकारी है क्या ?

फोर्ड ने एंडेवर और मेक ई इलेक्ट्रिक क्रॉसओवर के लिए ट्रेडमार्क दायर किया है. संभवत 2025 के अंत तक इसका उत्पादन चेन्नई के फोर्ड प्लांट में आरंभ हो सकता है. फिलहाल ढाई हजार यूनिट प्रतिवर्ष आयातित करके विक्रय की योजना है.

## आगामी एक दो वर्षों में इलेक्ट्रिक वाहन सस्ते हो सकते हैं ?

अमेरिका स्थित फर्म गार्टनर के द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन को लेकर बाजार अनुसंधान करके एक शोध पत्र जारी किया जिसमें बतलाया गया है की उत्पादन लागत और बैटरी की कीमतों में कमी होने से भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहन सस्ते हो सकते हैं .

# सितंबर में वाहन क्रय/ खरीदने के लिए शुभ दिवस

**05 सितंबर 2024 , गुरुवार**

नक्षत्र : हस्त

तिथि : भाद्र शुक्ल ,द्वितीय 2081

**06 सितंबर 2024, शुक्रवार**

नक्षत्र : हस्त, चित्रा

तिथि : भाद्र शुक्ल, तृतीया 2081

**08 सितंबर 2024, रविवार**

नक्षत्र : स्वाति

तिथि : भाद्र शुक्ल, ऋषि पंचमी 2081

**09 सितंबर 2024 , सोमवार**

नक्षत्र : अनुराधा

तिथि : भाद्र शुक्ल, षष्ठी 2081

**15 सितंबर 2024 , रविवार**

नक्षत्र : श्रवण

तिथि : भाद्र शुक्ल, प्रदोष द्वादशी 2081

**16 सितंबर 2024 , सोमवार**

नक्षत्र : धनिष्ठा

तिथि : भाद्र शुक्ल, त्रयोदशी 2081

**विशेष**

राहुकाल में शुभ मांगलिक कार्य नहीं करें नक्षत्र से समय का मिलान कर सकते हैं.

# लॉन्च .... माह अगस्त 2024

नोट : क्रम इस प्रकार से है.... लांच की दिनांक, कंपनी का नाम और मॉडल
कीमत एक्सशोरूम दी गई हैं

## कारें

01 अगस्त 2024



निसान एक्स ट्रेल | कीमत : रुपए 49.92लाख

02 अगस्त 2024



हुंडई ग्रैंड 10 निओस | कीमत : रुपए 7.75 लाख

07 अगस्त 2024



टाटा कर्व ईवी | कीमत : रुपए 17.49 लाख

08 अगस्त 2024



मर्सिडीज़ जीएलसी 43 एएमजी 4 मैटिक कूपे | कीमत : रुपए 1.11 करोड़

08 अगस्त 2024



मर्सिडीज़ सीएलई 300 केब्रियोले | कीमत : रुपए 1.1 करोड़

09 अगस्त 2024



सिट्रोन बसाल्ट | कीमत : रुपए 7.99 लाख

09 अगस्त 2024



लैंबॉर्गिनी उरुस एसई | कीमत : रुपए 4.57 करोड़

13 अगस्त 2024



मर्सिडीज़ जीएलई 300 डी 4 मैटिक एएमजी लाइन | कीमत : रुपए 97.85 लाख

15 अगस्त 2024



महिंद्रा थार रॉक्स | कीमत : रुपए 12.99 लाख

22 अगस्त 2024



ऑडी क्यू 8 फेसलिफ्ट | कीमत : रुपए 1.17 करोड़

30 अगस्त 2024



मसेराती ग्रेन टूरिसमों | कीमत : रुपए 2.72 करोड़

ऑटोमोबाइल से संबंधित लेटेस्ट खबरों अन्य जानकारियों के लिए विज़िट करें:

TheAutoAdvisor.in

THE AUTOADVISOR

**दशहरे से पहले**



# बीएमडब्ल्यू मोटरॉड लॉन्च कर सकता है इलेक्ट्रिक स्कूटर सीई 02

**होसुर ( तमिलनाडु ).** सूत्रों के हवाले से बीएमडब्ल्यू मोटरॉड आगामी माह में अपना दूसरा इलेक्ट्रिक स्कूटर सीई 02 लांच कर सकता है. यह टीवीएस और बीएमडब्ल्यू की साझेदारी से बना पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर होगा . भारत में टीवीएस के होसुर संयंत्र में इसेभारत में बना बनाया जा रहा है. उल्लेखनीय है कि 24 जुलाई को बीएमडब्ल्यू ने इलेक्ट्रिक स्कूटर सीई 04 को लॉन्च किया था जिसकी कीमत 14.99 लाख रुपए थी. यह भारत में सबसे महंगा इलेक्ट्रिक स्कूटर है.



## अगस्त माह : दो पहिया वाहन बिक्री के आंकड़े

| | | |
|---|---|---|
| हीरो मोटोकॉर्प | 492263 | इकाई विक्रय |
| होंडा | 491678 | इकाई विक्रय |
| टीवीएस | 289073 | इकाई विक्रय |
| बजाज | 208 621 | इकाई विक्रय |
| सुजुकी | 87480 | इकाई विक्रय |
| रॉयल एनफील्ड | 65624 | इकाई विक्रय |

सबसे अधिक गाड़ियां बेचकर हीरो मोटोकॉर्प शीर्ष स्थान पर है. गत वर्ष अगस्त 2023 में 472947 इकाई विक्रय की तुलना में 492263 इकाई विक्रय कर, इस बार 19316 इकाई अधिक बेची. इसी प्रकार होंडा ने गत वर्ष अगस्त 2023 में 451200 की तुलना में 491678 इकाई विक्रय कर, इस बार 40478 इकाई अधिक बेची.

बजाज द्वारा गत वर्ष की तुलना में सबसे अधिक दुपहिया वाहन विक्रय किए गए. गत वर्ष अगस्त 2023 में बजाज ने 160820 इकाई विक्रय किया था जो इस वर्ष अगस्त 2024 में 208621 इकाई विक्रय हुआ जो पिछले वर्ष की तुलना में 47801 इकाई का विक्रय अधिक है. इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में वाहनों की बिक्री वृद्धि का प्रतिशत सबसे अधिक बजाज का रहा है.

# लॉन्च .... माह अगस्त 2024

नोट : क्रम इस प्रकार से है.... लांच की दिनांक, कंपनी का नाम और मॉडल कीमत एक्सशोरूम दी गई हैं

## मोटर साइकिल

6 अगस्त 2024



इंडियन रोडमास्टर इलाईट कीमत : रुपए 71.82 लाख

15 अगस्त 2024



बीएसए गोल्ड स्टार कीमत : रुपए 3.00 लाख

7 अगस्त 2024



डुकाटी हाइपरमोटार्ड 950 एसपी कीमत रुपए 19.05 लाख

19 अगस्त 2024



यामाह आर 15 और आर 15 एम नए रंग में कीमत : 2.08 लाख

12 अगस्त 2024



बीएमडब्ल्यू जी 310 आर आर नया रंग कीमत : 3.05 लाख

29 अगस्त 2024



डुकाटी मल्टीस्ट्राडा वी4 आरएस कीमत : रुपए 38.40 लाख

13 अगस्त 2024



अपडेटेड जावा 42 कीमत : रुपए 1.73 लाख

31 अगस्त 2024



रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 कीमत : रुपए 2.00 लाख

## स्कूटर

7 अगस्त 2024



बजाज चेतक 3201 कीमत : रुपए 1.29 लाख

14 अगस्त 2024



टीवीएस आई क्यूब सेलिब्रेशन एडिशन कीमत: रुपए 1.20 लाख

9 अगस्त 2024



टीवीएस एनटॉर्क 125 रंगों की नई श्रृंखला में

22 अगस्त 2024



टीवीएस जूपिटर 110 कीमत : रुपए 73 हजार 7 सौ

मासिक ऑटो एडवाइजर



# वैश्विक भारतीयों के लिए मजबूत और विश्वसनीय विकल्प....

## महिंद्रा एंड महिंद्रा ने लांच की थार रॉक्स ....



कोच्चि . भारत की अग्रणी एसयूवी निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने 15 अगस्त को थार रॉक्स – द एसयूवी पेश की . रुपए 12.99 लाख की शुरुआती कीमत के साथ, थार रॉक्स महिंद्रा की निर्भीकता और अपरंपरागत भावना का प्रतीक है. रॉक्स को लोगों का ध्यान आकर्षित करने और एक परिष्कृत ड्राइव और शक्तिशाली लेकिन सुरक्षित प्रदर्शन देने के लिए डिज़ाइन और इंजीनियर किया गया है . थार रॉक्स कई शानदार सुविधाओं की पेशकश करते हुए सभी इलाकों पर विजय प्राप्त करती है.

महिंद्रा के नए एम ग्लाइड प्लेटफ़ॉर्म पर निर्मित की गई है. थार रॉक्स शानदार हैंडलिंग और श्रेणी में अग्रणी गतिशीलता के साथ एक असाधारण रूप से सहज सवारी प्रदान करता है, और एक प्रीमियम एसयूवी अनुभव प्रदान करता है. थार रॉक्स को विभिन्न ठंडे गरम इलाकों और ऊंचाइयों पर चरम स्थितियों में कठोर परीक्षण किया गया है, जिसमें थार रेगिस्तान के 50 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर तपते रेत के टीले, उमलिंग ला की ऊंची चोटियाँ, कूर्ग की मुश्किल कीचड़ भरी सतहें और काज़ा में माइनस 20 डिग्री सेल्सियस की ठंड शामिल है. यह व्यापक परीक्षण गारंटी देता है कि थार रॉक्स वैश्विक भारतीयों के लिए एक मजबूत और विश्वसनीय विकल्प है .महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटोमोटिव डिविजन के अध्यक्ष विजय नाकरा ने कहा, थार ब्रांड स्वतंत्रता और समुदाय की मजबूत भावना की विरासत को आगे बढ़ाते हुए...थार रॉक्स %द% एसयूवी है, जो आकर्षक डिजाइन, एक परिष्कृत ड्राइव, शक्तिशाली प्रदर्शन, बेहतरीन ऑफ-रोडिंग क्षमता, बेहतरीन सुरक्षा, शानदार जगह और उन्नत तकनीक का बेहतरीन संयोजन है। थार रॉक्स के साथ, हम न केवल एसयूवी अनुभव को बढ़ा रहे हैं – बल्कि हम अगले 3 से 5 वर्षों के भीतर थार ब्रांड को वॉल्यूम के हिसाब से नंबर 1 एसयूवी (12.5 लाख सेगमेंट) बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी और उत्पाद विकास के अध्यक्ष आर वेलुसामी ने कहा, थार रॉक्स हमारे बिल्कुल नए एम ग्लाइड प्लेटफॉर्म पर निर्मित परिष्कृत बॉडी-ऑन-फ्रेम एसयूवी के एक नए युग का प्रतिनिधित्व करता है। यह अत्याधुनिक प्लैटफ़ॉर्म हमें दोनों दुनियाओं का सर्वश्रेष्ठ प्रदान करने में सक्षम बनाता है . एक्सयूवी 700 जैसी मोनोकॉक एसयूवी में पाए जाने वाले शहरी परिष्कार को बेजोड़, तकनीक-स क्ष म

ऑफ-रोड क्षमताओं को सम्मिलित किया गया है. पैनोरमिक स्काईरूफ टीएम, उन्नत लेवल 2 ॠ्रष्ठस् और हरमन कार्डन ब्रांडेड ऑडियो जैसी बेहतरीन विशेषताओं के साथ, थार रॉक्स विलासिता और सुरक्षा में नए मानक स्थापित करता है. थार रॉक्स की बुकिंग 03 अक्टूबर, 2024 से ऑनलाइन और महिंद्रा डीलरशिप पर शुरू होगी. टेस्ट ड्राइव 14 सितंबर, 2024 से शुरू होगी. पहली डिलीवरी इस दशहरा पर्व से शुरू होगी, ताकि ग्राहक जल्द से जल्द अपनी नई महिंद्रा एसयूवी का आनंद ले सकें। थार रॉक्स को मुंबई में महिंद्रा इंडिया डिज़ाइन स्टूडियो (स्रूद्बष्ठस्) में डिज़ाइन किया गया और चेन्नई के पास स्थित महिंद्रा रिसर्च वैली (स्रूक्रङ्क) में इंजीनियर करते हुए महिंद्रा एसयूवी प्रोविंग ट्रैक (स्रूस्क्क्ष) में विकसित और परीक्षण किया गया. थार रॉक्स को नासिक में महिंद्रा की उन्नत सुविधा में बनाया गया है. रॉक्स एसयूवी.... महिंद्रा की वैश्विक डिज़ाइन और इंजीनियरिंग टीमों की विशेषज्ञता और नवाचार का प्रतीक है।



# बजाज फ्रीडम 125 : 60 दिन में 5000 मोटरसाइकिल बेचीं

## 2025 अंत तक 40000 यूनिट से अधिक का उत्पादन संभावित



पुणे (महाराष्ट्र). दुनियां की पहली सीएनजी-चालित मोटरसाइकिल बजाज फ्रीडम 125 की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है. 5 जुलाई को लॉन्च होने के बाद से सितंबर के पहले सप्ताह तक, बजाज ऑटो ने 5,000 के आंकड़े को पार करते हुए फ्रीडम 125 सीएनजी मोटरसाइकिल की बिक्री की . अगस्त में इसकी खुदरा बिक्री 4,109 यूनिट रही और सितंबर के पहले चार दिनों में इसकी बिक्री 637 यूनिट रही है. सीएनजी फिलिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी व चार्जिंग स्टेशन को बढ़ावा देने के लिए के लिए भारत सरकार के द्वारा बनाई गई नीतियों पर कंपनी फोकस कर रही है. कंपनी को भरोसा है कि यह नीतियां उनके उत्पादन में वृद्धि को पोषित करने में सहायक हैं जिसको देखते हुए बजाज ऑटो वित्त वर्ष 2025 के अंत तक फ्रीडम 125 मोटरसाइकिल का उत्पादन 40000 इकाई तक बढ़ा सकता है.




बजाज ऑटो की फ्रीडम 125 पेट्रोल और सीएनजी से चलने वाली दुनियां की पहली मोटरसाइकिल है. इसमें सीट के नीचे लगे ईंधन टैंक में सीएनजी और पेट्रोल के लिए अलग-अलग चैंबर दिए गए हैं. कंपनी के अनुसार फ्रीडम 125 मोटरसाइकिल 2 किलो ग्राम सीएनजी पर 200 किलोमीटर से अधिक चल सकती है और सीएनजी टैंक खाली हो जाने पर 2 लीटर पेट्रोल से 130 किलोमीटर से अधिक का सफर तय करने में सक्षम है. किए गए परीक्षण में, सीएनजी से चलाने पर लगभग 94 किलोमीटर प्रति किलोग्राम (शहरी परिस्थिति में ) और 126 किलोमीटर प्रति किलोग्राम( हाईवे पर) का माइलेज मिला . वहीं पेट्रोल से चलाने पर 53 किलोमीटर प्रति लीटर (शहर में)और 62 किलोमीटर प्रति लीटर (हाईवे पर का )माइलेज मिला. सुरक्षा मानक के मापदंड में परीक्षण करने पर यह सफल रही है और अन्य मोटरसाइकिल की तुलना में यह जहरीली गैसों का बहुत कम उत्सर्जन करती है.

# अब सीएनजी के साथ, मारुति स्विफ्ट




**नई दिल्ली** . मारुति सुजुकी ने स्विफ्ट को सीएनजी के साथ बाजार में उतारने की तैयारी कर ली है. कुछ माह पहले नई जनरेशन की हैचबैक स्विफ्ट को पेट्रोल इंजन के साथ लांच किया गया था. इसमें लगे जेड12ई इंजन को कंपनी ने पहली बार सीएनजी के साथ जोड़कर स्विफ्ट सीएनजी तैयार की है. जेड12ई इंजन के साथ किया यह प्रयोग मारुति के और भी मॉडल में किया जाएगा. स्विफ्ट सीएनजी में, स्विफ्ट पेट्रोल की तरह ही फीचर्स होंगे और यह कई वेरिएंट्स में आएगी. अन्य मारुति मॉडल की तरह इसमें ईंधन के लिए सिंगल सिलेंडर सेटअप होगा. पेट्रोल वेरिएंट की तुलना में इसकी कीमत में आंशिक वृद्धि की जाएगी. यह वृद्धि 10 प्रतिशत तक हो सकती है.

## वित्त वर्ष 2025 में 6 लाख सीएनजी मॉडल विक्रय का लक्ष्य

मारुति अन्य मॉडलों को भी सीएनजी से जोड़ने जा रही है. पूरे देश में सीएनजी चलित मॉडलों की बिक्री बढ़ाने की योजना के अंतर्गत मारुति ने वित्त वर्ष 2025 में 6 लाख से अधिक सीएनजी वाहनों के विक्रय का लक्ष्य निर्धारित किया है. मारुति ,भारत में एसयूवी और सीएनजी कारों की सर्वाधिक बिक्री करने वाली कंपनी है. मारुति द्वारा निश्चित किया गया लक्ष्य वित्त वर्ष 2024 में पूरे बाजार के सीएनजी वाहनों की बिक्री के बराबर है. गत वर्ष की तुलना में मारुति के सीएनजी मॉडलों की बिक्री में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. इस वृद्धि की वित्त वर्ष 2025 में और तेजी से बढ़ने की प्रबल संभावनाएं हैं.

## त्यौहारों के मौसम में वाहनों की बिक्री में वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली.** भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाली सर्वोच्च राष्ट्रीय संस्था, सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एस आई ए एम या सियाम) के महानिदेशक श्री राजेश मेनन , त्यौहारी मौसम के चलते में तेजी को लेकर उत्साहित हैं. वाहनों के उत्पादन और बिक्री के माह अगस्त 2024 के आंकड़ों को प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि भारत सरकार की पीएम ई ड्राइव और पीएम ई बस सेवा योजनाओं के संबंध में हाल ही में की गई घोषणाओं से वाहनों की बिक्री में वृद्धि होगी . श्री मेनन ने माह अगस्त 2024 में, वाहन उत्पादन और बिक्री के आंकड़ों को प्रस्तुत किया. इस माह में यात्री वाहन , दो पहिया, तीन पहिया और क्वाड्रिसाइकिल वाहनों का कुल उत्पादन 24,91,263 इकाई रहा जबकि सभी वाहनों की कुल बिक्री 21,34,545 इकाई रही. यात्री वाहन के उत्पादन के आंकड़ों में क्रमशः बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज , जेएलआर, टाटा मोटर्स और वोल्वो ऑटो के बिक्री आंकड़े शामिल नहीं हैं , वहीं बिक्री के आंकड़ों में यात्री वाहनों की बिक्री 3,52,921 इकाई रही. इस आंकड़े में बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज़ और वोल्वो ऑटो के बिक्री आंकड़े सम्मिलित नहीं है जबकि टाटा मोटर्स का 44142 यूनिट बिक्री का आंकड़ा इसमें शामिल है. तिपहिया वाहनों की बिक्री 69962 इकाई रही और दो पहिया वाहनों की बिक्री 17,11,662 इकाई रही . अगस्त 2023 की तुलना में अगस्त 2024 में यात्री वाहनों की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई... वहीं तिपहिया और दोपहिया वाहनों की बिक्री में अपेक्षाकृत तेजी बनी रही जो आगामी माहों में और अधिक बनी रहने की उम्मीद है .

# देश भर में स्थापित होंगे 250 फास्ट चार्जिंग स्टेशन...

## टाटा मोटर्स, डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स और थंडरप्लस सॉल्यूशंस का समझौता




**समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह में...श्री विनय पाठक ( उपाध्यक्ष और बिजनेस हेड एस सी वी एंड पी यू , टाटा मोटर्स ), श्री अरूण जलाली (वरिष्ठ महाप्रबंधक सेवा,एस सी वी एम एंड पी यू , टाटा मोटर्स), श्री निरंजन नायक ( प्रबंध निदेशक, डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) और श्री राजकुमार (निदेशक, थंडर प्लस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड)**

**मुंबई ( महाराष्ट्र ).** भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने घोषणा की है कि वह देश भर में 250 नए फास्ट चार्जिंग स्टेशन स्थापित करेगी . अपने इलेक्ट्रिक वाणिज्य वाहनों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने के लिए डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया और थंडरप्लस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ टाटा मोटर्स ने समझौता किया है .

दिल्ली मुंबई चेन्नई बेंगलुरु पुणे और कोच्चि सहित 50 से अधिक शहरों में नए चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे. यह नए चार्जिंग स्टेशन, पहले से स्थापित 540 वाणिज्यिक वाहन चार्जिंग पॉइंट के मौजूदा नेटवर्क में उल्लेखनीय वृद्धि करेंगे .

इस सहयोग के बारे में टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड एस सी वी एंड पी यू श्री विनय पाठक ने कहा – हमारा प्रयास उत्सर्जन मुक्त कार्गो परिवहन को सुलभ बनाना है . उच्च उपयोग वाले मार्गों पर उपलब्ध चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने से, ग्राहक इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों को चुनने के लिए प्रोत्साहित होंगे. इस प्रकार से राजस्व भी बढ़ेगा और एक स्वच्छ हरित पर्यावरण में योगदान भी होगा .डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री निरंजन नायक ने कहा – डेल्टा का लक्ष्य बेहतर कल के लिए अभिनव, स्वच्छ और ऊर्जा कुशल समाधान प्रदान करना है. हमारी उन्नत चार्जिंग तकनीक देश भर के उपयोगकर्ताओं के लिए इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहन अनुभव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी .

थंडर प्लस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ श्री राजीव वाय एस आर ने कहा – हम इस अभूतपूर्व पल में टाटा मोटर्स और डेल्टा के साथ साझेदारी करके अत्यंत उत्साहित हैं . यह पहल पूरी तरह से हमारे द्वारा चलित अभियान हर घर थंडर के अनुरूप है . इसके माध्यम से हम, हर घर के लिए चार्जिंग पॉइंट को किफायती बनाना चाहते हैं. इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग पॉइंट को प्रचुर मात्रा में उपलब्ध कराने से चार्जिंग की चिंता दूर होगी .

### आईबीईटी एक्सपो 24 में

## बजाज ऑटो की सीएनजी और एथेनॉल चलित मोटरसाइकिल रहीं आकर्षण का केंद्र



**नई दिल्ली.** बजाज ऑटो के द्वारा इंडिया बायो एनर्जी एंड टेक एक्सपो 24 में वैकल्पिक ईंधन सीएनजी और इथेनॉल से चलने वाले वाहनों के प्रदर्शन के साथ अपनी भागीदारी दर्ज कराई गई.

यशोभूमि द्वारका में 2 से 4 सितंबर 24 तक चले इस एक्सपो में बजाज के वाहनों ने दर्शकों को अधिक आकर्षित किया . प्रदर्शित वाहनों में सीएनजी पेट्रोल चलित मोटरसाइकिल फ्रीडम 125 दर्शकों के लिए दिलचस्प बनी रही वहीं दूसरी इथेनॉल चलित मोटरसाइकिल पल्सर एनएस 160 ई 100 फ्लेक्स कोतूहल का विषय बनी रही. वैकल्पिक ईंधन को लेकर अनुसंधान करने वाली अग्रणी कंपनी बजाज ऑटो द्वारा 5 जुलाई को सीएनजी और पेट्रोल चलित मोटरसाइकिल फ्रीडम 125 लॉन्च की जा चुकी है....और दो माह में 5000 से अधिक वाहनों का विक्रय किया जा चुका है. लेकिन इथेनॉल से चलने वाली मोटरसाइकिल पल्सर एनएस 160 के लॉन्च को लेकर अभी कोई अधिकृत जानकारी नहीं है. इथेनॉल (ई 100) फ्यूल की उपलब्धता को लेकर भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है. इस फ्यूल की उपलब्धता की निश्चितता के उपरांत ही कंपनी पल्सर एनएस 160 के लॉन्च की घोषणा कर सकेगी . प्राप्त जानकारी अनुसार पल्सर एनएस 160 में सिंगल-सिलेंडर 4 V ऑयल-कूल्ड इंजन और 5-स्पीड गियरबॉक्स है.

# भ्रमण...




## कबीर ऑटोमोबाइल

(अधिकृत प्रतिनिधि - साईं मोटर्स, भोपाल)

स्थापित : सन् 2015

पता : 11 मील, होशंगाबाद रोड, भोपाल

कंपनी : हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड

उपलब्ध : हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड के द्वारा निर्मित, दो पहिया वाहनों की श्रृंखला विक्रय के लिए उपलब्ध है

### मॉडल



* **स्प्लेंडर प्लस** : पेट्रोल/97.2सीसी/80.6 केएमपीएल
* **एचएफ डीलक्स** : पेट्रोल/97.2सीसी/65 से 70 केएमपीएल
* **पेशन प्रो** : पेट्रोल/113 सीसी/68.21 केएमपीएल
* **सुपर स्प्लेंडर** : पेट्रोल/124.7 सीसी/56 से 60 केएमपीएल
* **एक्स पल्स 200 4वी** : पेट्रोल/199.6 सीसी/ 51 से 59 केएमपीएल
* **एक्सट्रीम 200 एस 4वी** : पेट्रोल/ 199 सीसी/40केएमपीएल
* **ग्लैमर एक्स टेक** : पेट्रोल/124 सीसी/50 केएमपीएल
* **प्लेजर प्लस** : पेट्रोल/110.9 सीसी/50 केएमपीएल
* **मेस्ट्रो एज 125** : पेट्रोल/124.6 सीसी/45 केएमपीएल
* **डेस्टिनी 125** : पेट्रोल/124.6 सीसी/47 से 50 केएमपीएल
* **मेस्ट्रो 110** : पेट्रोल/110.9 सीसी/45 केएमपीएल
* **जूम 110** : पेट्रोल/110 सीसी/

### सुविधाएं

*बिक्री के उपरांत वाहनों की बेहतर सर्विस सुविधा . *घर से ही वाहन को लेने और सर्विस उपरांत घर वापस छोड़ने की सुविधा. *वाहन बीमा और बीमा के नवीनीकरण की सुविधा। *सर्विस मेंबरशिप कार्ड जिओ राइड और गुड लाइफ के माध्यम से सर्विस और पार्ट्स में विशेष छूट की सुविधा

### विशेष

*शहर की सबसे उत्तम कीमतों पर वाहन सर्विसिंग व पार्ट्स उपलब्ध.

*एडवांस्ड टेक्नोलॉजी, ट्रेंड मैकेनिक और कंप्यूटराइज्ड सर्विस स्टेशन

# परिवार का नया सदस्य

## 'परिवार की आवश्यकता और बजट के अनुसार मारुति अर्टिगा सर्वोत्तम लगी ' -रामेश्वर दयाल शर्मा



फोटो में (बाएं से दाएं): दीपिका शर्मा , गरिमा शर्मा , आशुतोष शर्मा, नीलम शर्मा और चाबी लेते हुए चंद्रशेखर शर्मा एवं रामेश्वर दयाल शर्मा ....चाबी प्रदान करते हुए मैनेजर अर्पित शुक्ला और शोरूम सहयोगी .

**भोपाल ( ऑटो एडवाइजर टीम ) !** साकेत नगर निवासी मुख्य अभियंता (सेवा निवृत )श्री रामेश्वर दयाल शर्मा के परिवार में नए वाहन सदस्य का आगमन हुआ . शर्मा परिवार ने इस खुशी को टीम ऑटो एडवाइजर के साथ साझा किया.

**सदस्य वाहन ....**मारुति अर्टिगा 5×द्व

**रंग...** काला

**डीलर....** आरएमजे मोटर्स, जे के रोड, गोविंदपुरा ,भोपाल

**यही क्यों ?....** शर्मा जी के अनुसार हमारे परिवार को एक साथ कहीं जाने आने के लिए एक ऐसे वाहन की आवश्यकता थी जिसमें सभी सदस्य एक साथ आराम से यात्रा का आनंद ले सकें..... कई कंपनियों की गाड़ियां देखी.... मित्र परिचितों ने भी सलाह दी, लेकिन बजट और पारिवारिक आवश्यकता के अनुसार मारुति अर्टिगा ही सर्वोत्तम लगी और यह हमारे परिवार के सदस्यों में शामिल हो गई. हम सब इसके आने से बहुत खुश है.

**शोरूम पर आपका अनुभव ?..** .इसके बारे में उन्होंने बताया कि स्टाफ का व्यवहार बहुत अच्छा लगा. उनकी सर्विस बहुत अच्छी है।

## 'आरामदायक सफर के साथ , व्यवसायिक कार्य के लिए भी बेहतर है सफारी' - आयुष शिवहरे



सांघी ब्रदर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंदौर अधिकृत टाटा मोटर शोरूम , उज्जैन के मैनेजर श्री कृतिश भट्ट ने श्री आयुष शिवहरे को सफारी की चाबी सौंपी.....

**भोपाल ( ऑटो एडवाइजर टीम )** ! भरत नगर निवासी युवा व्यवसायी श्री आयुष शिवहरे पुत्र श्री हरभजन शिवहरे के परिवार में नए वाहन सदस्य का आगमन हुआ. ऑटो एडवाइजर टीम से , शिवहरे परिवार ने अपनी खुशियां और अनुभव सांझा किए .

**सदस्य वाहन** = टाटा सफारी

**रंग** = सफेद

**डीलर** = सांघी ब्रदर्स प्रा. लि., इंदौर

**इस गाड़ी को ही क्यों चुना ?** ..सवाल पर आयुष शिवहरे ने बताया कि परिवार के सभी सदस्यों का एक साथ आराम से घूमना फिरना संभव हो सके और मेरे व्यवसायिक प्रयोग में भी काम आ सके ...इन दोनों आवश्यकताओं को लेकर मैंने परिवार की सहमति के साथ, सफारी को खरीदने का मन बनाया .

**डीलर के संबंध में** अपने अनुभव के बारे बतलाते हुए कहा कि मुझे टाटा सफारी लेना ही थी और मुझे अगस्त मैन्युफैक्करिंग की गाड़ी ही चाहिए थी. भोपाल में टाटा डीलर से संपर्क करने पर मुझे डेट ऑफ डिलीवरी के बारे में संतोष जनक जवाब नहीं मिल सका. सांघी ब्रदर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंदौर के अधिकृत उज्जैन स्थित शोरूम से मुझे अगस्त मैन्युफैक्करिंग गाड़ी और डेट ऑफ डिलीवरी के संबंध में बहुत अच्छा सहयोग मिला . प्लांट से लेकर, मुझ तक पहुंचने तक के संबंध में, समय-समय पर ट्रैकिंग अपडेट मुझे प्राप्त होते रहे, यह मेरे परिवार को बहुत अच्छा लगा .

डिलीवरी के समय मुझे उचित मूल्य पर और एक्स्ट्रा एसेसरीज के साथ टाटा सफारी उपलब्ध करवाई गई. टाटा मोटर्स उज्जैन शोरूम का स्टाफ बहुत ही मृदु भाषी और सहयोगी है.

## झरोके से .....

# खो गई ... हवाई जहाज वाले पार्क की पहचान


ऐसा था हवाई जहाज ....


अब, अवशेष शेष .... स्मृतियां

सन् 1974 में बोर्ड कॉलोनी, रवि शंकर नगर के पार्क में कुछ आकृतियां बनाई गई थी इनमें क्रॉस , स्ट्रेट और राउंड स्लोप के साथ, आकर्षण का केंद्र सीमेंट का हवाई जहाज भी बनाया गया था . इस हवाई जहाज के बगल में इंडियन एयरलाइंस के महाराज ( मैस्कॉट ) की मूर्ति भी बनाई गई थी .

भोपाल, तब इतना विकसित विस्तारित नहीं था अतः इस पार्क की ख्याति भोपाल क्षेत्र के हर कोने में हुआ करती थी . दूर-दूर से परिवार आकर अपनी शाम इस पार्क में गुजारा करते थे. बच्चों के लिए तो यह हवाई जहाज और स्लोप विशेष पसंद और खेलने का सबसे अच्छा स्थान हुआ करते थे. बच्चे तो पार्क में आने के बाद वापस घर ही नहीं जाना चाहते थे वह खेलते ही रहते थे. इस हवाई जहाज की ख्याति इतनी थी कि समाचार पत्र पत्रिकाओं में यह स्थान पाता ही रहता था.

इस हवाई जहाज ने अलग-अलग समय पर बहुत कुछ देखा और सुना .....इसमें बच्चों के खेल कूद हुए, संघ की बाल शाखा लगी.... कवियों ने अपनी कविताएं पढ़ीं.... महिलाओं ने भजन गाये .... जन्मदिन मनाएं गए....हुरियारों ने होली खेली....प्रेमी प्रेमिका आकर मिले.... सोमरस प्रेमियों ने अपना अड्डा भी बनाया.... और भी बहुत कुछ रहा.... डॉ.शंकर दयाल शर्मा , मथुरा प्रसाद दुबे, बैजनाथ दुबे, सुशील चंद्र वर्मा , मदन मोहन जोशी, विशंभर अग्रवाल, सच्चिदा नागदेव, विश्व मोहन माथुर, संपत चतुर्वेदी, शिरोमणि झा, नरेंद्र नादान सक्सेना, राजेंद्र सोनी, मयंक श्रीवास्तव , नरेंद्र त्रिपाठी, शिवराज सिंह चौहान, मनोज खरे जैसे बहुत से विशिष्ट नाम हैं जो इस पार्क से लंबे समय तक जुड़े रहे हैं ....


इंडियन एयर लाइंस के महाराज ( मेस्कॉट )

.... और कहते हैं ना कि समय के साथ सब कुछ नष्ट हो जाता है... वही हुआ.... अपने 50 वें वर्षगांठ के वर्ष में यह हवाई जहाज भारी वर्षा और देखरेख के अभाव में गत माह मिट्टी में मिल गया और इसके साथ ही बोर्ड कॉलोनी पार्क की पहचान भी खो गई.

अब यह हवाई जहाज यादों के रूप में उन लोगों के दिलों में ता उम्र रहेगा जिन्होंने किसी न किसी रूप में, इसके साथ समय बिताया था.....

**संजय हिन्ना....**

# आकर्षण

## ऑडी एस 6



इस स्तंभ के अंतर्गत ऐसे वाहनों को प्रकाशित किया जाता है जो किसी विशेषता के कारण वाहन प्रेमी जनों का ध्यान अपनी ओर बरबस ही खींच लेते हैं . यह वाहन जिस स्थान पर खड़े होते हैं या जहां से निकलते हैं ध्यान आकर्षित करते हैं ....

**इस बार का आकर्षण है .... ऑडी एस 6 जिसके ऑनर आदित्य सिंह है.**

लग्जरी सेडान कारों में श्रेष्ठतम सुविधाओं के साथ, ऑडी एस 6 कई अत्याधुनिक फीचर्स से सुसज्जित है... लेकिन शौक के चलते इस कार में, मोडिफिकेशन करके इसे विशेष कार बनाने का प्रयास किया गया है.... जिसके चलते यह 320 हॉर्स पावर और 490 एन एम का टॉर्क उत्पन्न कर सकती है. इस शक्ति से केवल 5 सेकंड के अंदर 0 से 100 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार पर पहुंच सकती है....

### मोडिफिकेशन

- कोड 6 ई सी यू स्टेज 2 ट्यून
- कोड 6 टी सी यू स्टेज 2 ट्यून
- एच पी आई एयर इंटेक
- ऑडी आर 8 के स्पार्क प्लग
- ऑडी आर 8 कोईल ओवर सेटअप
- कार्बन फाइबर रेस स्पेक स्टीयरिंग
- कार मॉनिटरिंग सिस्टम
- कार्बन फाइबर स्पोइलर
- बोरला फुल सिस्टम एग्जास्ट

कार्बन फाइबर एग्जास्ट टिप

# भारतीय ग्राहकों में विश्वसनीय कार है अर्टिगा

सन 2012 में भारतीय बाजार में बहु उपयोगी वाहन श्रृंखला (एम पी वी सेगमेंट) के अंतर्गत मारुति सुजुकी इंडिया द्वारा अर्टिगा को उतारा गया था... केवल 12 वर्षों में ही अर्टिगा, भारतीय ग्राहकों के बीच अपना अटूट विश्वास स्थापित करने में पूरी तरह से सफल रही. इसी विश्वास के चलते अब तक 10 लाख यूनिट से अधिक की बिक्री का आंकड़ा छूने वाली यह कार 2023- 24 में भारत देश की, सर्वाधिक बिक्री वाली शीर्ष 10 कारों में शामिल रही. विश्वास ,सुरक्षा ,सुविधा , आकर्षण और आधुनिक रंग रूप के शोधित नए आयाम के साथ नेक्स्ट जैन अर्टिगा ग्राहकों को मूल्य वर्धित विकल्प की सुविधा भी प्रदान करती है .

इसके एस सीएनजी के वीएक्सआई व जेडएक्सआई वेरिएंट उपलब्ध है. इसके अलावा एक वेरिएंट जेडएक्सआई प्लस एडवांस्ड , 6 स्पीड ऑटोमेटिक भी उपलब्ध है.

**तकनीकी विश्लेषण**

लंबाई 4395 एम एम

ऊंचाई ( भार रहित )1690 एम एम

चौड़ाई 1735 एम एम

व्हील बेस 2740 एम एम

इंजन क्षमता 1462 सीसी

**अधिकतम टॉर्क**

पेट्रोल पर..

136.8 एन एम, 4400 आरपीएम

एस सीएनजी पर..

136 एन एम , 4400 आरपीएम ( पेट्रोल मोड )

121.5 एन एम, 4200 आरपीएम ( सीएनजी मोड)

**अधिकतम शक्ति**

पेट्रोल

75.8 के डब्लू, 6000 आरपीएम

एस सीएनजी

74.0 के डब्लू, 6000 आरपीएम (पेट्रोल मोड)

64.6 के डब्लू , 5500 आरपीएम (सीएनजी मोड)

**ईंधन क्षमता**

पेट्रोल

20.51 के एम/ली.( पेट्रोल मोड)

20.30 के एम/लीटर ( ऑटो मोड)

एस सीएनजी

26.11 के एम/केजी ( मैन्युअल)

**अर्टिगा के विभिन्न मॉडल और उनका एक्स शोरूम मूल्य**

**मैन्युअल ट्रांसमिशन ( 5 एम टी )**

वेरिएंट / मूल्य

एल एक्स आई रु. 8,35,000

वी एक्स आई रु.9,49,000

जेड एक्स आई रु.10,59,000

जेड एक्स आई प्लस रु. 11,29,000

टूर एम रु. 9,46,000




**नया एडवांस्ड 6 स्पीड ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन**

वेरिएंट / मूल्य

वी एक्स आई एटी रु.10,99,000

जेड एक्स आई एटी रु. 12,09,000

जेड एक्स आई प्लस एटी रु.12,79,000

**एस सीएनजी ( 5 एमटी )**

वेरिएंट / मूल्य

वी एक्स आई रु.10,44,000

जेड एक्स आई रु.11,54,000

टूर एम रु. 10,41,000

**नोट : मूल्य में परिवर्तन हो सकता है**




स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक संजय हिन्ना द्वारा रेनबो प्रिंटर्स, 57, 2/21 कॉमधेनु टॉवर, अरेरा कालोनी, भोपाल 462016 (म.प्र.) से मुद्रित एवं डी-13, सेवॉय साउथ सिटी कॉम्पलेक्स, जी-03 गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल 462039 (म.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक : संजय हिन्ना। मो. 9826285867, 8319293454 ( सलाहकार : योगेश जोशी, प्रबंधन : शशांक हिन्ना )**(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) **Email: autoadvisornews@gmail.com**